पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 20 वांछित अभियुक्त व NBW में 06 वांछित वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक- 11.10.2024

दिनांक- 10/11.10.2024 को-

01-थाना आशियाना में पंजीकृत मु0अ0सं0 321/2024 धारा 70(2)/351(3)/137(2) BNS व 5/6 पास्को एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त शिवा पाण्डेय उर्फ शिवम

02-थाना अमीनाबाद में पंजीकृत मु0अ0सं0 70/24 धारा 317(2) से सम्बन्धित 04 अभियुक्तों 01-मोहित 02-फरमान 03-अशरफ 04-अरशद

03-थाना बिजनौर में पंजीकृत मु0अ0सं0 290/2024 धारा 303(2)/317(2) BNS से सम्बन्धित अभियुक्त हर्षित कुमार यादव

04-थाना गोमतीनगर में पंजीकृत मु0अ0सं0 483/24 धारा 87/137(2)/142/65(1) BNS व 5/6 एवं 16/17 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 03 अभियुक्तों 01-मुकेश कुमार 2-अर्जुन कुमार 3-गया प्रसाद

05-थाना गोमतीनगर विस्तार में पंजीकृत मु0अ0सं0 194/24 धारा 303(2)/317(2) BNS से सम्बन्धित अभियुक्त कृष्ण कुमार

06-थाना हुसैनगंज में पंजीकृत मु0अ0सं0 125/24 धारा 308(5)/115/351(3) BNS से सम्बन्धित अभियुक्त अमन वर्मा

07-थाना इटौंजा में पंजीकृत मु0अ0सं0 161/24 धारा 61(2)/318(4)/336(3)/338/340(2) BNS व 60/63/72 आबकारी अधि0 से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों 01- राकेश कुमार 02- संजीव कुमार

08-थाना मोहनलालगंज में पंजीकृत मु0अ0सं0 459/24 धारा 137(2)/87 BNS से सम्बन्धित अभियुक्त मो0 असलम उर्फ गोलू

09-थाना कृष्णानगर में पंजीकृत मु0अ0सं0 461/24 धारा 74/115(2)/140(1)/309(1) BNS से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों 01-इमरान खान 02- तनवीर अहमद

10-थाना मडियाँव में पंजीकृत मु0अ0सं0 618/24 धारा 303(2)/317(2) BNS से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों 01-अनुज यादव 02- धीरज शुक्ला

11-थाना विभूतिखण्ड में पंजीकृत मु0अ0सं0 290/24 धारा 305/331(4) BNS से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों 01-मिन्टू विश्वास 02- राम भरोसे कश्यप गिरफ्तार।

एवं

NBW में थाना गुडम्बा से 02, थाना महिगवाँ से 01, थाना अलीगंज से 01, थाना काकोरी से 01, थाना कृष्णानगर से 01 वांछित वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार।

मध्य- जोन

थाना हजरतगंज -

दिनांक 10/11.10.2024 को समय करीब रात्रि 12.15 बजे इको कन्ट्रोल रूम द्वारा थाना हजरतगंज पर सूचना मिली कि सिकन्दराबाद चौराहे एक कार व स्कूटी का आपस में एक्सीडेन्ट हो गया है।

इस सूचना पर तत्काल थाना हजरतगंज पुलिस द्वारा मौके पर पहुँच घायलों को सिविल अस्पताल उपचार हेतु भेजा गया, जहाँ से नवी अहमद व जावेद को के0जी0एम0यू0 रेफर कर दिया गया। तथा जरिये दूरभाष उनके परिजनों को सूचित किया गया।

प्रारम्भिक जानकारी के अनुसार कार संख्या-UP32NF3841 संजीव द्विवेदी पुत्र दुर्गा प्रसाद द्विवेदी निवासी गणेशगंज आर्य समाज मन्दिर लखनऊ द्वारा तेजी व लापरवाहीपूर्वक स्कूटी संख्या-UP32PS5473 पर सवार 01.नवी अहमद पुत्र अली अहमद निवासी मुलायम नगर थाना चिनहट, लखनऊ 02.जावेद पुत्र नन्कऊ निवासी सुरेन्द्र नगर मस्जिद के पास थाना इन्दिरानगर, लखनऊ 03.नाज पठान पुत्री कौसर अली निवासी सुरेन्द्र नगर मस्जिद के पास थाना इन्दिरानगर, लखनऊ को सिकन्दराबाद चौराहे पर टक्कर मार दी जिसमें नाज पठान को सामान्य चोटें आयी व नवी अहमद व जावेद गम्भीर रुप से घायल हो गये।

कार व कार चालक संजीव द्विवेदी उपरोक्त को हिरासत पुलिस में लिया गया है, घायलों के परिजन मौके पर अस्पताल में मौजूद हैं। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

उत्तरी- जोन

थाना गुडम्बा-

दिनांक 10.10.2024 समय करीब 00.42 बजे वादिनी जुवेरिया माहीन निवासिनी फूलबाग कालोनी, कुर्सी रोड ने थाना गुडम्बा पर लिखित सूचना दी कि जिसमें दिनांक 03.10.2021 को समय करीब शाम 06.00 बजे पर वादिनी की माता के फोन पर मोबाइल नम्बर 8472967053 से कॉल आयी, जिसमें खुद को वादिनी का रिश्तेदार असलम बताया। उसने हॉस्पिटल में एक बड़े ऑपरेशन का बताकर एक डाक्टर जिसका नाम गुरप्रीत कौर और मो0नं0 8130577589 बताकर गूगल पे के माध्यम से कुल 75,000/- रुपये ट्रांसफर करा लिये। और NEFT के माध्यम से पैसे भेजने का झांसा देकर वादिनी के मोबाइल पर पैसे भेजने के फर्जी मैसेज भेजा। तथ्य अंकित है, **वादिनी द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर तत्काल थाना गुडम्बा पर मु0अ0सं0 407/2024 धारा 318(4) बीएनएस अज्ञात पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।**

मध्य-जोन

थाना-नाका

आज दिनांक 11.10.2024 को पिंक बूथ सं0-09 पर ड्यूटीरत **आरक्षी शशि देवी** एवं **ब्यूटी कुमारी** द्वारा चारबाग बस स्टेशन पर करीब 25 वर्षीय एक महिला को काफी परेशान व असहाय पाकर उन्हे पिंक बूथ पर लाया गया। महिला से बातचीत करने और समस्या पूछने पर महिला द्वारा बताया गया कि वह मूल रूप से बिहार की निवासिनी है रायबरेली में अपने पति के साथ ईट भट्टे पर काम करती है, पति से झगड़ा होने के बाद घर से नाराज होकर बस में बैठ कर लखनऊ आ गयी।

इस पर उक्त महिला आरक्षीगण द्वारा महिला के पति को जरिये दूरभाष पिंक बूथ सं0- 09, चारबाग बुलाया गया और दोनों पति-पत्नी काउंसलिंग कर सकुशल उनके घर भेजा गया।